an>

title: The Speaker made reference to the extremist attack causing reported loss of lives of 14 persons and injuries to several others in Kokrajhar district of Assam on 5th August 2016.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, असम के कोकराझार जिले में 5 अगस्त, 2016 को एक उग्रवादी हमले में 14 लोगों के मारे जाने और कई व्यक्तियों के घायल होने की सूचना है।

यह सभा इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निन्दा करती है। इस हमले के परिणामस्वरूप मृत व्यक्तियों के परिवारों को भारी दुःख एवं पीड़ा हुई है, उस पर अपना गहरा शोक व्यक्त करती है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ की कामना करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

(The Members then stood in silence for short while.)